उपकार हॉस्पिटल
वाराणसी में कैंसर का विश्वस्तरीय ईलाज
डॉ. स्वप्निल पटेल
एम.एस. (सर्जरी) एम्स दिल्ली (गोल्ड मेडलिस्ट)
एम.सी.एच. (आंको सर्जरी) टाटा कैंसर हॉस्पिटल, मुम्बई
पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, महामना टाटा कैंसर हॉस्पिटल बी.एच.यू.
टाटा कैंसर मुम्बई एवं एम्स न्यू दिल्ली के अनुभवी कैंसर सर्जन
पूर्वांचल के एकमात्र लैप्रोस्कोपिक आंको सर्जन
बी.एच.यू. रोड सुन्दरपुर, वाराणसी 8115476767, 8188088515

... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 03 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 162 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया

श्री हरे कृष्णा ज्वेलर्स
100 % Hallmark Jewellery Showroom
SUNDAY OPEN
भेलूपुर : 9936105529, सुन्दरपुर : 8009091198, लहुराबीर : 8009091196
अर्दली बाजार : 9936105527, पहड़िया : 8009091199, शिवपुर : 9936105528

नीरज मेहरा
वित्तीय सलाहकार
8887946338
MOST TRUSTED NAME OF INDIA
क्या आप एक चमत्कार के बारे में जानते है ?
आप सिर्फ 300 महीने मात्र ₹3100 हर महीने निवेश करते हैं
आप पा सकते हैं पूरे ₹1 करोड़
इस चमत्कार के बारे में जानने के लिए अवश्य मिलें
ASSUMING COMPOUNDED ANNUAL RETURNS AT 15%P.A
neeraj.lic70@yahoo.com
www.varanasilic.com
MEHRA INVESTMENT
MEHRA INSURANCE CONSULTANCY
SPECIALIST IN
LIFE INSURANCE HEALTH INSURANCE
MUTUAL FUND AND GENERAL INSURANCE
and complete solution of your financial goals and dreams
7309577777
OFFICE NO 30 DAYAL TOWER DURGAKUND VARANASI

## अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर बड़ा हमला : 25 से ज्यादा चौकियों पर कब्जा

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर पिछले पांच दिनों से जंग जारी है। इस बीच अफगान सेना ने पाकिस्तानी वायुसेना के हवाई हमलों का कड़ा जवाब देते हुए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उनकी सेना ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा के पास कई जरूरी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों में काबुल से जुड़े इलाके, खोस्त का अली-शेर जिला, जलालाबाद और कंधार के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं। दोनों देशों के बीच यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने 21-22 फरवरी को अफगानिस्तान के अंदर कथित आतंकी कैंपों पर हमले किए थे। इसके जवाब में अफगान सेना ने आक्रामक रुख अपनाया है। अफगान अधिकारियों के मुताबिक, उनकी सेना ने कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक और शोराबक जिलों में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। स्पिन बोल्डक में तीन चौकियों पर कब्जा करने के दौरान तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और एक सैनिक को अफगान सेना ने पकड़ लिया। इसके अलावा, अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने बताया कि अली-शेर जिले में भी दो पाकिस्तानी पोस्ट अब अफगान सेना के कब्जे में हैं।

## ईरान सुप्रीम लीडर की मौत पर जयपुर में शिया समुदाय का प्रदर्शन

**जयपुर।** जयपुर में ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद अयातुल्लाह खामनेई के निधन की खबर के बाद पुराने शहर में लोगों की भावनाएँ सड़कों पर नजर आईं। पिंक सिटी के जामा मस्जिद इलाके से बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं काले वस्त्र धारण कर हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर जुलूस के रूप में निकले। जुलूस जामा मस्जिद से रवाना होकर सुभाष चौक सर्किल तक पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम को लेकर अपनी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने अमेरिका और इजराइल की नीतियों के विरोध में प्रतीकात्मक प्रदर्शन भी किया। भीड़ में शामिल महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए इसे वैश्विक मुस्लिम समुदाय से जुड़ा मुद्दा बताया। स्थिति को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि स्थिति नियंत्रण में रही।

# युद्ध से दुनिया में तेल संकट

## ईरान ने बंद किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, फंसे 700 टैंकर

**● 86 प्रतिशत नॉर्मल ईस्ट-वेस्ट क्रूड ट्रैफिक रुका एनर्जी मार्केट में बढ़ी मुश्किल**



**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग का आज चौथा दिन है। इस बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा है कि उसने दुनिया की तेल आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण शिपिंग रुट, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है। IRGC के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी पर कहा कि अगर कोई जहाज इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करेगा, तो उसे रोका जाएगा और निशाना बनाया जा सकता है। भारत का करीब 50 प्रतिशत तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते से आता है। दूसरी ओर, फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सेंट्रल कमांड का कहना है कि ईरानी अधिकारियों के बयानों के बावजूद होर्मुज स्ट्रेट बंद नहीं है। ईरान में अब तक 742 लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें 176 बच्चे हैं। 750 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बताते चलें कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में 700 टैंकर फंसे हुए हैं, जिससे लगभग 86 प्रतिशत नॉर्मल ईस्ट-वेस्ट क्रूड ट्रैफिक रुक गया है और एनर्जी मार्केट भी मुश्किल में पड़ गए हैं। मैरीटाइम एनालिटिक्स फर्म विंडवर्ड और केप्लर के डेटा से पता चलता है कि पानी का यह रास्ता आधिकारिक रूप से बंद नहीं है। 1 मार्च को 2.8 मिलियन बैरल ले जाने वाले सिर्फ तीन टैंकर होर्मुज पार कर पाए, जो 2026 के रोजाना के एवरेज 19.8 मिलियन बैरल से 86 प्रतिशत कम है। 2 मार्च की शुरुआत तक सिर्फ एक छोटा टैंकर और एक छोटा कार्गो शिप मेन लेन से गुजरा। अगर यह रुकावट कई दिनों तक रही तो टैंकरों की लाइनें बढ़ जाएंगी और डिलीवरी का समय बिगड़ जाएगा। खाड़ी के पानी के लिए युद्ध के जोखिम का इंश्योरेंस पहले ही बहुत सख्त कर दिया गया है। होर्मुज तक पहुंचने के लिए तैयार जहाजों के लिए माल ढुलाई की दरें और प्रीमियम बढ़ रहे हैं, जिसका असर सीधे दुनिया भर में ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है।

## जंग के बीच ईरान में भूकम्प भी आया

**● रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई**

**तेहरान।** ईरान इस वक्त दोहरे संकट से गुजर रहा है। एक तरफ अमेरिका और इस्राइल के साथ भीषण जंग छिड़ी हुई है, तो दूसरी तरफ कुदरत ने भी मुश्किल बढ़ा दी है। इसी तनावपूर्ण माहौल के बीच मंगलवार को ईरान के दक्षिणी हिस्से में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, यह भूकंप दक्षिणी ईरान के गेराश शहर के पास आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर नीचे था। अधिकारियों के मुताबिक, अभी तक किसी बड़े नुकसान या जानमाल के हानि की कोई खबर नहीं है। हालांकि, जंग के बीच आए इस भूकंप ने लोगों को दहशत में ला दिया। इस बीच, अमेरिका ने संकेत दिए हैं कि यह लड़ाई लंबी चल सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका के पास ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को 4 से 5 हफ्तों से भी ज्यादा समय तक जारी रखने की क्षमता है।

## भारत और मिडिल ईस्ट के बीच सीमित उड़ानें फिर से शुरू



**नई दिल्ली।** ईरान-US लड़ाई के चौथे दिन भी पूरे इलाके में एयरस्पेस में बड़े पैमाने पर रुकावटें जारी रहने के बावजूद, मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों से भारत के लिए लिमिटेड फ़्लाइट ऑपरेशन मंगलवार को फिर से शुरू हो गए। वीकेंड में बड़े पैमाने पर कैंसलेशन के बाद, कुछ खास राहत और शेड्यूल्ड सर्विस सीमित शर्तों के तहत चलना शुरू हो गईं, जिससे फंसे हुए यात्रियों को थोड़ी राहत मिली। इंडिगो 3 मार्च को जेद्दा से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल राहत फ़्लाइट्स चलाएगी, जो रेगुलेटरी मंज़ूरी और मौजूदा एयरस्पेस की स्थितियों पर निर्भर करेंगी। एयरलाइन फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जेद्दा में भारत के कॉन्सुलेट जनरल के साथ कोऑर्डिनेट कर रही है।

### होली की हार्दिक बधाई

रंगोत्सव होली महापर्व के पावन अवसर पर 'जनमुख' के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभेच्छुओं को जनमुख परिवार की ओर से हार्दिक बधाई। **–प्रबन्धक**

### अवकाश की सूचना

महापर्व होली के पावन अवसर पर 'जनमुख' कार्यालय में दो दिन का अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक दो दिन बाद प्रकाशित होगा। **–सम्पादक**



## ईको वैन-बस की टक्कर में 6 की मौत और 9 घायल

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा घटित हुआ। थाना सादाबाद क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 141 के पास मंगलवार सुबह हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। हादसा डबल डेकर बस और इको कार के बीच हुआ। इको कार ने पीछे से बस में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इको कार द्रुत गति से भागी जा रही थी जिसके चलते यह भीषण टक्कर हुई। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारू कराया। पुलिस के प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को ही दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## श्रीनगर में आज भी बंदी, विरोध प्रदर्शन जारी

**● दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में उतरे UAE के विमान**



**नई दिल्ली।** इजराइल-ईरान जंग का आज चौथा दिन है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध भारत का शिया समुदाय लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। जम्मू-कश्मीर का श्रीनगर आज लगातार दूसरे दिन बंद है। सोमवार को यहां प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया था। सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़कर भीड़ को खदेड़ा था। कुछ लोगों को गिरफ्तारी भी की गई। महिलाओं ने भी जमकर प्रदर्शन किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर पिछले 48 घंटों में खाड़ी देशों के कई प्रमुखों से बात की। सबसे पहले उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। इधर, सोमवार देर रात UAE से 4 फ्लाइट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु पहुंचीं।

## विमान कंपनियां उठा रहीं आपदा में अवसर का लाभ!

**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई के लिए यूरोपियन एयरलाइन्स की डायरेक्ट फ्लाइट में एकतरफा इकॉनमी क्लास का किराया लगभग 2.9 लाख रुपये हो गया, जबकि उसी फ्लाइट में बिजनेस क्लास का किराया चौंका देने वाला 9 लाख रुपये हो गया। आम तौर पर दोनों शहरों के बीच एक तरफ का इकॉनमी किराया 20,000 रुपये से 40,000 रुपये होता है, जबकि बिजनेस क्लास का किराया 1.2 लाख रुपये से 2.5 लाख रुपये होता है। एयर इंडिया और इंडिगो ने भी किराए में भारी बढ़ोतरी के साथ कुछ फ्लाइट्स चलाईं।

# खामनेई की मौत पर 'दिल्ली' चुप क्यों?

## पीएम की ख़ामोशी पर सोनिया गांधी ने साधा निशाना

**● चुप्पी तटस्थता नहीं कर्त्तव्यहीनता**

**● दुःखद घटना को चुपचाप मंजूरी देने का इशारा**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर सरकार की चुप्पी तटस्थता नहीं बल्कि कर्तव्यहीनता है। सोनिया गांधी ने कहा कि भारत का जवाब न देना इस दुखद घटना को चुपचाप मंजूरी देने का इशारा है। सोनिया गांधी ने कहा कि चल रही बातचीत के बीच एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या आज के इंटरनेशनल रिश्तों में एक बड़ी दरार दिखाती है। फिर भी, इस घटना के सदमे के अलावा जो बात उतनी ही साफ तौर पर सामने आती है, वह है नई दिल्ली की चुप्पी। उन्होंने आगे कहा, 'शुरू में यूएस-इजरायल के बड़े हमले को नजरअंदाज करते हुए प्रधानमंत्री ने यूएई पर ईरान के जवाबी हमले की बुराई करने तक ही खुद को सीमित रखा, लेकिन उससे पहले की घटनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। बाद में उन्होंने अपनी 'गहरी चिंता' के बारे में छोटी-मोटी बातें कीं और 'बातचीत और डिप्लोमेसी' की बात की, जो कि इजरायल और यूएस के बिना उकसावे के बड़े हमलों से पहले ठीक यही चल रहा था।'

VYAPARI NETWORK™
BANARAS | JAUNPUR
3 Years
OF VYAPARI NETWORK
• 3 Years of Connecting Businesses
• 300+ Members Strong
• ₹300 crore business
Desh ka Business Networking Platform
Grow, Connect, Succeed!
Team Varanasi | Team Kashi | Team Shiv | Team Varuna
Team Trishul | Team Shakti | Team Annapurna | Team Natraj
+91 95982 99996
follow on :

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 30.2°C
● तापमान न्यूनतम : 14.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.59
वाराणसी, 03 मार्च, मंगलवार, 2026 (3)





नागेपुर में होली मिलन समारोह के दौरान उपस्थित लोग।



# आज होगा होलिका दहन

## ज्योतिषाचार्यों की एक दिन पहले होलिका जलाने की घोषणा बेअसर

### ● टूटने से बच गयी सदियों पुरानी परम्परा!

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सदियों से होली से एक दिन पहले होलिका दहन की चली आ रही परम्परा आखिर टूटने से बच गयी। ज्योतिषाचार्यों और धर्म गुरुओं के लाख घोषणा किए जाने के बावजूद वाराणसी में कल अधिकांश स्थानों पर होलिका दहन नहीं हुआ। इन स्थानों पर आज चंद्र ग्रहण के समाप्त होने के बाद विधिपूर्वक अनुष्ठान के साथ होलिका दहन किया जाएगा। शहर में ही नहीं गांव-गिराव में भी कल होलिका नहीं जलाई गयी। हालांकि कुछ ग्रामीण अंचलों से होलिका दहन की खबरें भी सामने आयीं लेकिन उनकी संख्या बहुत



राजेश्वरी नगर बैंक कॉलोनी में दहन के लिए सजी होलिका। छाया : जनमुख

कम बतायी जा रही है। अधिकांश स्थानों पर आज मंगलवार को होलिका दहन किया। बताते चलें कि इस बार ज्योतिषाचार्यों व धर्म के जानकर लोगों ने ऐलान किया था कि चंद्र ग्रहण के कारण होलिका दहन



बीएलडब्ल्यू, पहाड़ी गांव में चंद्र ग्रहण समाप्ति के बाद आज लगेगी होलिका में आग। छाया : जनमुख

नियत समय से एक दिन पहले ही होगा। लेकिन वाराणसी में अधिकांश स्थानों पर कल नहीं भी होलिका दहन नहीं किया गया। इन सभी स्थानों पर चंद्र ग्रहण समाप्ति पर विधिपूर्वक पूजन-अर्चन के बाद होा-

# बाजार में होली पर हर्बल रंगों की बढ़ी डिमांड

### ● कार्टून वाले मॉस्क और पिचकारियां बनी आकर्षण का केंद्र




**वाराणसी।** होली से पहले ही शहर के बाजार रंगों से सज गए हैं। इस बार बाजार में रंगों के साथ-साथ राजनीतिक रंग भी देखने को मिल रहा है। पिचकारियों, अबीर-गुलाल और हर्बल कलर्स की जबरदस्त मांग है। खास बात यह है कि इस बार हर्बल रंगों की धूम मची हुई है। लोग चेहरे और त्वचा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। बाजारों में बच्चों के लिए कार्टून वाली पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, तो वहीं प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे वाले मास्क और 'मोदी पिचकारी' भी ग्राहकों को खूब लुभा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार होली का बाजार पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा उत्साहपूर्ण नजर आ रहा है। होली को लेकर शहर के मुख्य बाजारों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। रंग-बिरंगे गुलाल, आकर्षक पैकेजिंग और ऑफर्स के चलते खरीदारी में तेजी आई है। खासकर युवा और महिलाएं हर्बल अबीर-गुलाल को ज्यादा पसंद कर रही हैं ताकि किसी प्रकार का साइड इफेक्ट न हो।

# सनबीम सनसिटी के छात्र आयुष्मान सबसे कम उम्र के सी.एस. क्वालिफायर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सनबीम सनसिटी स्कूल एंड हॉस्टल, वाराणसी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि वर्ष 2023 के पूर्व छात्र आयुष्मान तिवारी ने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आई.सी.एस.आई) द्वारा आयोजित कंपनी सेक्रेटरी प्रोफेशनल प्रोग्राम के दोनों ग्रुप सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर देश के सबसे कम उम्र के सीएस क्वालीफायर्स के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यह उपलब्धि उनकी एकाग्रता, अनुशासन एवं सतत परिश्रम का परिणाम है, जिसने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सनबीम परिवार को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. दीपक माधोक ने आयुष्मान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंदिरों के कपाट बंद, गंगा आरती का समय बदला



### ● शाम सात बजे मोक्ष होने पर मंदिर के पट खोले जाएंगे

**वाराणसी।** चंद्रग्रहण के समय देव विग्रहों को स्पर्श करने या उनका पूजन करने का विधान नहीं है। ऐसे में चंद्रग्रहण के पूर्व ही सभी मंदिरों के गर्भगृह के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। श्रद्धालु मंदिर परिसर में कहीं बैठकर मानसिक जप-तप, यज्ञ-हवनादि कर सकते हैं। इस बार भी फाल्गुन पूर्णिमा मंगलवार को लगने वाले खंड चंद्रग्रहण के दिन सभी मंदिरों के गर्भगृहों के कपाट बंद कर दिए गए और ग्रहण मोक्ष होने के उपरांत खोले गए। पूरे मंदिर की साफ-सफाई व देव विग्रहों के स्नान-आरती के उपरांत ही आम श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन सुलभ होगा। ग्रहण के चलते काशी में सबसे पहले संकटमोचन हनुमान मंदिर के कपाट सुबह नौ बजे सूतक लगते ही बंद हो गए। महंत प्रो. विश्वंभरनाथ मिश्र ने बताया कि शाम सात बजे मोक्ष होने पर मंदिर के पट खोले जाएंगे। इसी क्रम में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व मां अन्नपूर्णा के कपाट परंपरानुसार ग्रहण के डेढ़ घंटे पूर्व बंद कर दिए जाते हैं। दोनों धामों में 4:30 बजे ही कपाट बंद कर दिए गए। 6:48 बजे ग्रहण मोक्ष के उपरांत 7:15 बजे पुनः पुनः खोल दिया जाएगा।

## आज से कुछ कम होगी पछुआ की गति बढ़ेगा तापमान

**वाराणसी।** दो दिनों चल रही पछुआ की गति बढ़ने के पश्चात अब मंगलवार से इसका वेग कम होने की संभावना है। इस बीच आठ से 20 किमी प्रति घंटा के वेग से चली पछुआ के चलते दो दिन में अधिकतम तापमान में 0.7 डिग्री सेल्सियस की कमी अवश्य आई, फिर भी बनारस चार दिनों प्रदेश में सर्वाधिक गर्म शहर के रूप में बना हुआ है।

## कोर्ट से जमानत मिल जाने के बाद भी दरोगा ने युवक को पीटा




**बड़ागांव, (वाराणसी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुड़ी में मामूली विवाद की सूचना पर पहुंचे दरोगा ने दबंगई दिखाई। दरोगा ने कोर्ट से जमानत कराने पर दिलशाद नामक युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उसे गालियां दी और बार-बार अपना नाम बताकर धमकाया। दरोगा ने कहा कि मेरा नाम विवेक सिंह है और कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। बिना पुलिस की मर्जी से कोर्ट में पेश होने और जमानत कराने वाले युवक पर थप्पड़ों की बौछार कर दी। आसपास के

# होली पर हवाई यात्रियों की जेबतराशी में जुटीं विमान कंपनियां

## किराया तीन गुना : सुविधाएं नदारद



### ● 3500 रुपये वाला टिकट अब 11000 हजार में

**वाराणसी।** होली पर विमान यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ विमानन कंपनियों ने किराया बढ़ा दिया है। ट्रेनों में सीट नहीं मिलने पर लोग अपने गंतव्य पर जाने के लिए विमानों का सहारा ले रहे हैं। फ्लेक्सी फेयर होने के कारण जैसे-जैसे टिकट बुक हो रहे हैं वैसे-वैसे किराया भी बढ़ रहा है। वाराणसी आने वाली दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलुरु आदि शहरों का किराया दो से तीन गुना बढ़ गया है। वाराणसी से दिल्ली का किराया 3000 से 3500 के बीच होता है जो बढ़कर न्यूनतम 8000 और अधिकतम 11000 हो गया है। वाराणसी से मुंबई का सामान्य किराया 5000 से 5500 के बीच होता है जो बढ़कर न्यूनतम 11000 और अधिकतम 14000 और अहमदाबाद का किराया 4000 से 4500 होता है जो बढ़कर 11000 से 16000 तक पहुंच गया है।

## हर महीने होगा 35 हजार लीटर 'जीवामृत' का छिड़काव

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** डोमरी (सूजाबाद) में विकसित हो रहे शहरी वन में अब केवल पौधों की संख्या ही नहीं, बल्कि उनकी वैज्ञानिक देखभाल और मिट्टी के अनूठे उपचार ने विशेषज्ञों का ध्यान खींचा है। यहां लगाए गए 2.51 लाख पौधों को जीवित रखने और उन्हें जंगल की शक्ल देने के लिए जमीन की उर्वरता पर विशेष काम किया जा रहा है। आमतौर पर खराब मानी जाने वाली मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए यहां 'मिट्टी रिपेयरिंग' का बड़ा अभियान चलाया गया है। पौधों को नैसर्गिक खाद देने के लिए हर महीने 35,000 लीटर 'जीवामृत' का छिड़काव किया जा रहा है।

## मियावाकी वन को नुकसान पहुंचाने वाले पर होगी FIR

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम प्रशासन ने डोमरी क्षेत्र में मियावाकी तकनीक से विकसित किए जा रहे वन के विरुद्ध फैलाई जा रही भ्रामक खबरों और नकारात्मक रिपोर्टिंग पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की सीधी चेतावनी दी है। स्पष्ट किया है कि वन क्षेत्र को नुकसान पहुँचाने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है, जिनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मिलिशौती सिटी के मेयर ने किया 'काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' का भ्रमण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वासिले कारारे, मेयर, मिलिशौती सिटी, रोमानिया द्वारा 'काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' का भ्रमण किया गया तथा वाराणसी की प्रमुख परियोजनाओं आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। मेयर, मिलिशौती सिटी, रोमानिया ने सर्वप्रथम 'काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' की कार्यप्रणाली को समझा तथा यहाँ के समस्त मुख्य कंपोनेंट जैसे सिटी सर्विलांस, फ़ेशियल रेकग्निशन सिस्टम, इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पब्लिक एड्रेस एवं वेरिएबल मैसेज सिस्टम, बीट मैपिंग आदि संबंधित विवरण प्राप्त किया गया।




# नागेपुर में खूब उड़ा गुलाल

### ● होली के साथ ईद की बधाई
### ● सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने किया विभोर





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लोक समिति और आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियां बांटी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे लोगों ने एक-दूसरे को होली, रमजान और आने वाले ईद के त्योहार की बधाई दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां ग्रामीण कलाकारों और प्रेरणा कला मंच के कलाकारों ने होली, लोक संगीत और नृत्य से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश देता है। राजकीय महिला महाविद्यालय सेवापुरी की प्रो. गीता रानी ने कहा कि होली समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है जिसे हम सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बुनकर दिहाड़ी मजदूर संघ ने किया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## देवरिया समाचार

### 2081 स्थानों पर होलिका दहनः कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न



**देवरिया।** जनपद में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। सोमवार रात जिले के कुल 2081 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। सभी प्रमुख स्थलों पर शाम से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन ने संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थलों की पहले ही पहचान कर ली थी। इन स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस बल और अधिकारियों की निगरानी सुनिश्चित की गई। कई जगहों पर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसी कैमरों का भी इस्तेमाल किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद, लोग जगह-जगह फाग गीतों पर थिरकते और उत्साहपूर्वक पर्व मनाते दिखे। आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रत्येक थाने पर त्वरित प्रतिक्रिया टीम (QRT) का गठन किया गया था। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार से बुधवार तक मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गई है। पुलिस लाइन से 12 इंस्पेक्टर, 98 उपनिरीक्षक और लगभग 400 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी विभिन्न थानों में लगाई गई थी।

## भदोही समाचार

### सड़क पार कर रहे वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**दुर्गागंज।** छनौरा बाजार में रविवार की देर शाम बाइक की टक्कर से खदेरू सरोज (62) की मौत हो गई। टक्कर के बाद घायल वृद्ध को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। वहां उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। छनौरा गांव निवासी खदेरू सरोज रविवार की देर शाम सड़क पार कर रहे थे। इस बीच दुर्गागंज के गंगारामपुर निवासी संतोष गौतम तेज गति से बाइक लेकर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल भिजवाया। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष दुर्गागंज मनोज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली थी।

## सोनभद्र समाचार

### ट्रेलर से कुचलकर बाइक सवार की मौत, सास की हालत गंभीर



**केकराही।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली अंतर्गत हिंदुआरी पुलिस चौकी क्षेत्र के देवरा राजा स्थित पेट्रोल पंप के सामने सोमवार की दोपहर बाद अनियंत्रित ट्रेलर बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में बाइक चला रहे सोनू चौहान (28) की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी सास संगीता (50) वहीं बाइक चपटी हालत में पहुंच गई। सास को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। बताते हैं कि चंदौली जिले के चकरघट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवदत्तपुर निवासी सोनू चौहान (28) अपनी सास नौगढ़ थाना क्षेत्र के अमृतपुर बहोलिया निवासी संगीता (50) को बाइक से लेकर किसी काम से करमा की तरफ गया हुआ था। वहां से करीब तीन बजे हिंदुआरी की तरफ वापस हो रहा था। देवरा राजा स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा था, तभी रॉबर्ट्सगंज की तरफ से जा रहा ट्रेलर उन्हें रौंदते हुए आगे निकल गया। इसके चलते जहां सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर चक्का चढ़ने से वह चपटी हालत में पहुंच गई। संयोग ही था कि टक्कर लगने के बाद संगीता छिटककर दूसरी तरफ जा गिरी नहीं तो उसकी भी मौके पर ही मौत हो सकती थी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंची जहां उपचार जारी है।

## जौनपुर समाचार

### चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन एक दिन पहले

**जौनपुर।** रंगों के पर्व होली से पहले होलिका दहन का कार्यक्रम सोमवार को किया गया। इस वर्ष चंद्रग्रहण के कारण यह आयोजन एक दिन पहले हुआ। परम्परा के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर 'रेड़' का पेड़ गाड़कर होलिका दहन की शुरुआत की गई। पंचांगों और ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, 3 मार्च को चंद्रग्रहण लग रहा है। इसके चलते सूतक काल, पूजा-विधि, स्नान-दान और मंदिरों के नियमों को लेकर विशेष चर्चा है। रंगों वाली होली 4 मार्च को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, होलिका दहन पूर्णिमा तिथि और भद्रा की समाप्ति के बाद किया जाता है। हालांकि, यदि भद्रा समाप्त न हो तो भद्रा के शुभ हिस्से में दहन करना उचित माना जाता है। इस वर्ष दहन का शुभ मुहूर्त भद्रा के पुच्छ काल में पड़ रहा था, जिसके कारण सोमवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## मऊ समाचार

### सुरक्षा के बीच 1231 स्थानों पर होलिका दहन



**मऊ।** नगर सहित जिले के विभिन्न इलाकों में सोमवार को 1231 स्थानों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परंपरागत तरीके से होलिका दहन किया गया। आग लगाते ही होलिका धधक उठी। इससे पूर्व लोगों ने विधिवत होलिका का पूजन- अर्चन किया। इस दौरान जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जबकि चौराहों और गली नुक्कड़ों पर हुड़दंगियों की टोली हुड़दंग में मस्त रही। जिले में 35 अति संवेदनशील और 132 संवेदनशील सहित 1231 स्थानों पर परंपरागत तरीके से हालिका दहन किया गया। होलिका दहन देर तक चलता रहा। बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं होली की मस्ती में दिखे। देर रात तक लोग हालिका दहन में मशगूल रहे। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में भी होलिका दहन परंपरागत रूप से हुआ। लोगों ने होलिका की पूजा अर्चना कर उसमें आग लगाई गई और होलिका जल उठी। इसके पूर्व नगर के सहादतपुरा, रौजा, चौक, मिर्जाहादीपुरा, गोला बाजार, औरंगाबाद, घास बाजार, भीटी सहित घोसी, मधुबन, मुहम्मदाबाद गोहना, दोहरीघाट, चिरैयाकोट सहित विभिन्न बाजारों में सुबह से चहल पहल रही। त्योहारों को लेकर पूरा बाजार गुलजार नजर आया। लोगों ने कपड़ों, रंगो और खाने पीने के तमाम सामान की खरीदारी की।

## बलिया समाचार

### होली पर इमरजेंसी की सुविधाओं को बढ़ाया, स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टी निरस्त

**बलिया।** होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। जिला अस्पताल से लेकर सभी सीएचसी में इमरजेंसी की सुविधाओं को बढ़ाया गया है। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को ऑनकॉल रखा गया है। आकस्मिक सेवाओं की जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल में 10 व सीएचसी पीएचसी पर पांच-पांच बेड आरक्षित किए हैं। होली के दिन चिकित्सकों की छुट्टी निरस्त कर दी गई है। होली पर लोग जमकर मस्ती करते हैं। मिलावटी रंग से लोग बीमार होते हैं।

ज्यादातर लोग नशे में होने से बाइक लेकर फिसलते हैं। ऐसे में घायलों की संख्या में वृद्धि होती है। होली के दिन उन्हें उपचार मिल सके, इसे लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर है। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तीन मार्च की शाम से ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होगी।

## महराजगंज समाचार

### पेट्रोल छिड़ककर पति को जिंदा जलाया, 2 साल पहले भी किया था चाकू से हमला



**महाराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बासपार कोठी टोला पिपरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार की देर शाम विवाद के बाद सो रहे पति रामपत पर पत्नी ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे पति की मौत हो गई। सुबह इसकी जानकारी होने पर लोगों में अपरातफरी मच गई। गांव के चौकीदार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। फॉरेंसिक टीम ने मामले की जांच-पड़ताल की। पुलिस के आने की सूचना पर पत्नी भागने लगी तो गांव के बाहर से पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बाद में चौकीदार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली। चौकीदार की तहरीर के अनुसार, श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बासपार कोठी टोला पिपरा निवासी सुमित्रा (60) परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए 40 वर्ष पहले मुंबई चली गई थी। वहां उसकी मुलाकात रामपत (62) से हुई। जहां दोनों ने शादी कर ली। करीब 10 वर्ष मुंबई में रहने के बाद सुमित्रा अपने पति रामपत और एक बेटी के साथ घर आ गई। यहां ग्राम सभा की आबादी की जमीन पर ग्राम प्रधान ने उसका सरकारी आवास बनवा दिया। इसी में पति-पत्नी साथ-साथ रहने लगे। कुछ दिन बाद पुनः पूरे परिवार के साथ मुंबई चली गई। करीब सात साल पहले वापस आई तो बेटी साथ में नहीं थी। यहां दोनों गांव तथा अगल-बगल के गांवों में भीख मांगकर जीवन यापन करने लगे। ग्रामीणों के अनुसार दोनों शराब पीते थे। सोमवार की शाम दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद पति रामपत कमरे में रखी खाट पर सो गया।

इसके बाद पत्नी सुमित्रा ने उसके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। वह बचने के लिए कमरे में चिल्लाता रहा लेकिन उसकी आवाज किसी ने नहीं सुनी। जब बचने की उम्मीद टूट गई तो वह कमरे के कोने में जाकर बैठ गया। बैठे-बैठे उसकी मौत हो गई। आग लगने से खाट और बिस्तर जलकर राख हो गया।

## गाजीपुर समाचार

### डीएम-एसपी ने सुरक्षा के लिए क्षेत्र में किया भ्रमण

**गाजीपुर।** जनपद में आगामी त्योहारों होली और रमजान माह को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार की रात जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के नेतृत्व में पुलिस ने रूट मार्च किया गया। रूट मार्च पुलिस चौकी विशेश्वरगंज से शुरू हुई। शहर के प्रमुख मार्गों लंका, रेलवे स्टेशन, रेलवे प्लेट फॉर्म एवं अन्य क्षेत्रों में पैदल गस्त किया। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा आम जनमानस, व्यापारियों तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए आगामी त्योहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की गयी। इस मौके पर एडीएम दिनेश कुमार, एएसपी सिटी डॉ. राकेश मिश्रा, सदर एसडीएम रविश गुप्ता, सीओ सिटी शेखर सेंगर आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज समाचार

### हाईकोर्ट का अहम फैसला- औचक निरीक्षण कर थानों के सीसीटीवी कैमरों की खबर लेंगे हर जिले के सीजेएम



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सूबे के थानों के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी का जिम्मा हर जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) को सौंपा है। ये अब जिला जज को जानकारी देकर थानों का निरीक्षण करेंगे। यह जानेंगे कि थाने में लगे कैमरे सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश के अनुसार काम कर रहे या नहीं। निरीक्षण के दौरान जानकारी देने में हीलाहवाली पर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने ललितपुर निवासी महिला की अवैध हिरासत से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए दिया है। मामला ललितपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेशों की बार-बार अनदेखी से जुड़ा है। धोखाधड़ी मामले में याची की अवैध हिरासत और सूरज डूबने के बाद उसकी बहन की गिरफ्तारी के आरोपों पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने थाने के सीसीटीवी फुटेज तलब किए थे। पुलिस अधिकारियों ने स्टोरेज फुल होने का बहाना बनाकर फुटेज नहीं दिए। इस पर हाईकोर्ट ने संबंधित थाना प्रभारी और जांच अधिकारी को अवमानना का दोषी करार दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### होली की छुट्टी में भी शिक्षकों की रहेगी ड्यूटी

**आजमगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 13 मार्च तक संचालित होनी हैं। इसी क्रम में शासन ने एक से चार मार्च तक होली के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है, लेकिन यूपी बोर्ड परीक्षा से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों की ड्यूटी जारी रहेगी। होली के दौरान प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को लेकर स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की गई है। संयुक्त शिक्षा निदेशक नवल किशोर ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार अवकाश अवधि में परीक्षा कार्य से जुड़े किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक की लिखित अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने के लिए स्ट्रांग रूम की निरंतर निगरानी की जाएगी।

## मीरजापुर समाचार

### होली पर्व पर एसपी अपर्णा ने किया फ्लैग मार्च, मीरजापुर जनपद 5 जोन 18 सेक्टर में विभाजित



**मीरजापुर।** होली और रमजान माह के मद्देनजर शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सोमवार देर शाम पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च किया। त्योहारों को सकुशल, निर्बाध और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह गश्त की गई। पैदल गश्त की शुरुआत रमईपट्टी तिराहा से हुई, जो तरकापुर, वासलीगंज, खजांची चौराहा और गिरधर चौराहा होते हुए पुलिस चौकी बेलतर पर समाप्त हुई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, थानाध्यक्ष कोत-वाली शहर दया शंकर ओझा और कोतवाली कटरा बैद्यनाथ सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और रिक्रूट आरक्षी मौजूद रहे। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में भी अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारीगण ने संबंधित थानाध्यक्षों/प्रभारी निरीक्षकों के साथ पर्याप्त पुलिस बल और पीआरवी डायल-112 के साथ फ्लैग मार्च किया। यह गश्त संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर की गई। इस दौरान आमजन, दुकानदारों, सर्राफा व्यवसायियों और व्यापारी बंधुओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए त्योहारों को हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। पुलिस-प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का भी आग्रह किया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जनपद को 05 जोन और 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। 09 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) और 99 क्लस्टर मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं। एक कंपनी पीएसी सहित पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। जनपद में लगभग 2500 स्थानों पर होलिकाएं स्थापित हैं, जिन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। चिन्हित हॉटस्पॉट और संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर भी लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा ने जनपदवासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दीं और उनसे आपसी भाईचारे तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।

## चंदौली समाचार

### आधी रात के बाद तो कहीं भोर में हुआ होलिका दहन



**चंदौली।** होली की पूर्व संध्या पर सोमवार की रात जिले भर में परंपरागत तरीके से 1696 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। भद्रा का प्रभाव और मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण कहीं आधी रात के बाद तो कहीं भोर में होलिका दहन किया गया।

इस दौरान लोगों ने फाग गीतों गाकर एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन तथा चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को होली खेलने की परंपरा है। इस वर्ष पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण लगने और सोमवार शाम पूर्णिमा तिथि में भद्रा के कारण भद्रा के पुच्छ काल में ही कई स्थानों पर होलिका दहन किया गया। जिले में होली की तैयारी वसंत पंचमी से ही शुरू हो गई थी। कहीं वसंत पंचमी तो कहीं महाशिवरात्रि के दिन होलिका की स्थापना की गई। इसके बाद लकड़ी और उपलों को एकत्र कर होलिका सजाई गई। नगर के कैलाशपुरी, नई सट्टी, धर्मशाला रोड, पीपी सेंटर, शाहकुटी, लाठ नंबर दो, काली महाल, चतुर्भुजपुर, आरपीएफ कॉलोनी, गया कॉलोनी, मानस नगर, चकिया त्रिमुहानी, सेंट्रल कॉलोनी सहित पूरे जिले में 1696 स्थानों पर होलिका सजाई गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### बाबा सत्यनाथ मठ में सैकड़ों वर्षों से मनती है यह अनूठी परंपरा



**सुल्तानपुर।** कादीपुर स्थित अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ में मसाने की होली का उत्सव शुरू हो गया है। यह अनोखी परंपरा आदिगंगा गोमती तट पर स्थित महाश्मशान में होलिका दहन के दिन मनाई जाती है। वाराणसी के बाद यह देश का दूसरा स्थान है जहां इस तरह की होली खेली जाती है। मठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्रचण्डेश्वर कपाली बाबा ने बताया कि मसाने की होली का अर्थ 'श्मशान की होली' या 'भभूत होली' है। इस वर्ष यह उत्सव 2 मार्च को शाम 7 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलेगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान महाश्मशानाथ यानी भोलेनाथ अपने गणों – भूत, प्रेत, पिशाच, यक्ष, गंधर्व और राक्षसों के साथ राख से होली खेलते हैं। शिवपुराण और दुर्गा सप्तशती में भी इसका उल्लेख मिलता है। यह उत्सव जीवन की क्षणभंगुरता, मोह-माया से मुक्ति और मृत्यु पर विजय का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान अघोरी श्मशान घाट पर चिताओं की राख से होली खेलते हैं,जबकि सामान्य भक्त अबीर, गुलाल और भस्म का उपयोग करते हैं।

इस अनोखे नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में आम लोग भी इकट्ठा होते हैं। हालांकि, यह कोई पर्यटक शो नहीं, बल्कि एक गहरा आध्यात्मिक और संवेदनशील धार्मिक अनुष्ठान है जो महाश्मशान पर होता है। मसाने की होली की जड़ें शैव पौराणिक कथाओं में हैं। मान्यता है कि रंगभरी एकादशी पर भगवान शिव देवी पार्वती का गौना कराकर काशी लौटे थे और उन्होंने देवताओं व भक्तों के साथ होली मनाई थी। लेकिन उनके प्रिय गण, जिन्हें श्मशान की आत्मा और प्राणी माना जाता है, इस रंगीन उत्सव में भाग नहीं ले सके थे।

माना जाता है कि अगले दिन शिव ने रंगों के बजाय राख का उपयोग करके श्मशान में अपने गणों के साथ होली खेली थी। यह ईश्वरीय समानता और सभी प्रकार के अस्तित्व को स्वीकार करने का प्रतीक है। भस्म या चिता की राख का उपयोग वैराग्य और इस अंतिम सत्य को दर्शाता है कि हर इंसान का शरीर अंततः राख बन जाता है।

## लाइफ मंत्र

### क्यों अपने ही पुत्र प्रहलाद का दुश्मन बन बैठा था हिरण्यकशिपु? पढ़ें भक्ति की पूरी कहानी



प्रह्लाद जी के निर्भीक और ओजस्वी वचनों को सुनकर दैत्यराज के शरीर में आग लग गयी। क्रोध के मारे उसके सारे अंग कांपने लगे और वह तिरछी नजर से प्रह्लाद की ओर देखता हुआ बोला, रे दुष्ट राजकुमार, बता जिसकी तू इनती प्रशंसा करता है वह तेरा विष्णु है कहां? यदि तेरा विष्णु सर्वव्यापी है तो क्या इस राजसभा में भी है?

दैत्यराज एवं पुरोहित सहित राजकुमार, सब लोग एक ही साथ सभा में पहुंचे और सबका यथोचित स्वागत अभिवादन आदि हुआ। प्रह्लाद जी ने पिता के चरणों में प्रणाम किया। दैत्यराज ने उनको आशीर्वाद दे अपने आसन पर बैठने की आज्ञा दी। राजसभा ठसाठस भरी थी, हिरण्यकशिपु की राजसभा समस्त ऐश्वर्य की मूर्तिमान छटा थी, परंतु दैत्यराज की उदासीनता से सारी की सारी सभा उदासीन सी प्रतीत हो रही थी। भावी शोक की छाया मानो सबके हृदयों पर पड़ रही थी। सारे सभासद चुपचाप बैठे थे, कोई किसी से कुछ भी कहता सुनता नहीं था। राजसभा शांत थी, दैत्यराज भी चुपचाप बैठे थे, इसी बीच में दैत्य गुरुओं ने पाठशाला में छात्रों को प्रह्लाद द्वारा दी जाने वाली हरिभक्ति रूपी राजद्रोही वक्तृताओं का समाचार सुनाया। दैत्यराज का चित्त ब्रह्मशाप के प्रभाव से पहले से ही भय और शोक से संतप्त हो रहा था। अतः जैसे ही उसने गुरुवरों के मुख से प्रह्लाद की बातें सुनीं, वैसे ही उसके शरीर में आग सी लग गयी। उसने क्रोधपूर्ण विक-राल नेत्रों से प्रह्लाद की ओर देखा और कहा रे दुष्ट, क्या अभी तक तेरी मूर्खता नहीं गयी? क्या अब भी अपनी दुष्टता छोड़कर मेरी आज्ञा का पालन नहीं करेगा? मेरा यह अंतिम आदेश है कि तीनों लोक का एकमात्र मैं ही स्वामी हूं, इसलिए तू मुझको ही ईश्वर मान और मेरी ही पूजा कर, उस दुष्ट शत्रु गोविन्द का नाम छोड़ दे। दैत्यराज के वचन समाप्त होते ही राजपुरोहितों ने भी उनकी ही हां में हां मिला दी। पिता एवं पुरोहित जी के वचन सुनकर परम भागवत प्रह्लाद जी हंसते हुए कहने लगे- बड़े आश्चर्य की बात है कि वेद वेदांत के जानने वाले विद्वान ब्राह्मण, जिनको सारा संसार आदर की दृष्टि से देखता और पूजता है वे भी भगवान की माया से मोहित हो धृष्टता के साथ अभिमान के साथ इस प्रकार की अनर्गल बातें कहते हैं। प्रह्लाद जी के निर्भीक और ओजस्वी वचनों को सुनकर दैत्यराज के शरीर में आग लग गयी। क्रोध के मारे उसके सारे अंग कांपने लगे और वह तिरछी नजर से प्रह्लाद की ओर देखता हुआ बोला, रे दुष्ट राजकुमार, बता जिसकी तू इनती प्रशंसा करता है वह तेरा विष्णु है कहां? यदि तेरा विष्णु सर्वव्यापी है तो क्या इस राजसभा में भी है? यदि है तो दिखला कहां है? यदि नहीं दिखलाता तो अब तेरा अंत समय आ गया। अब तक हमने तुझको अपना सुपुत्र मानकर अपने हाथों वध करना उचित नहीं समझा था, किंतु अब ऐसा प्रतीत होता है कि तेरी मृत्यु हमारे ही हाथ है। शीघ्र बतला और दिखला तेरा विष्णु कहां है? मेरी आज्ञा का उल्लंघन करने वाले तुझको मैं अभी यमलोक पहुंचाता हूं। तू किसके बल पर निडर हो कर मेरी आज्ञा का उल्लंघन कर रहा है?

प्रह्लाद जी बोले, हे महाराज जिन्होंने ब्रह्मा से लेकर एक तिनके तक समस्त जगत को अपने वश में कर रखा है। वे भगवान ही मेरे बल हैं, मेरे ही नहीं आपके और अन्य सभी के बल भी वे ही हैं। वे ही महापराक्रमी भगवान ईश्वर हैं, काल हैं और ओज हैं, वे ही साहस, सत्व, बल, इन्द्रिय और आत्मा हैं, वे ही तीनों गुणों के स्वामी अपनी परम शक्ति से विश्व की सृष्टि, पालन और सं-हार करते हैं। आप अपने इस आसुरी भाव को छोड़कर सबमें समभाव परमात्मा को देखिये। फिर आपको पता लगेगा कि आपका ही क्या किसी का भी कोई शत्रु नहीं है। प्रह्लाद के वचनों को सुनकर हिरण्यकशिपु क्रोध से अधीर हो उठा और बोला, रे मन्दभागी अब निश्चय ही तेरे मरने की इच्छा है। अच्छा तू कह रहा है कि विष्णु इस सभा में है। क्या इस सामने वाले खम्भे में भी है, यदि है तो जल्दी दिखला, नहीं तो अब हम तेरा सिर इसी तलवार से धड़ से अलग करते हैं। प्रह्लाद जी बोले, पिताजी आप शांत हों, क्रोध न करें।

मैंने मिथ्या नहीं कहा, देखिये, मुझे तो इस खम्भे में भी वे स्पष्ट दिखलायी पड़ते हैं। यह सुनकर दैत्यराज हिरण्यकशिपु राजसिंहासन से सहसा कूद पड़ा और क्रोध के आवेश में प्रह्लाद जी को कटु वचन कहता हुआ खड्ग लेकर रत्नों एवं मोतियों से जड़े सामने के खम्भे की ओर लपककर उस पर बड़े जोर से एक ऐसा प्रहार किया कि जि-ससे न केवल राजसभा ही बा-ल्कि सारा भूमण्डल डगमगा गया। मुष्टि प्रहार से सहसा भूमण्डल में भारी भूकंप सा आ गया। तभी दैत्यराज ने सहसा खम्भे को फूटते हुए देखा। अपने भक्त प्रह्लाद के वचनों को और अपनी सर्वव्यापकता को प्रत्यक्ष स्पष्ट सिद्ध करने के लिए भगवान श्रीहरि सभा के बीच स्तम्भ के भीतर से प्रकट हो गये। दैत्यराज ने आश्चर्य के साथ अद्भत नरसिंह रूप को देखा। जिसका सारा शरीर तो चतुर्भुज सुंदर मनुष्य सा है और सिर महाभयंकर सिंह का दिख रहा है। उसने भय के कारण आंखें मूंद लीं। तीनों लोक तथा चौदहों भुवन को जीतने वाले अजेय वीर का शरीर मृतप्राय हो गया। उधर घोर गर्जना करते हुए उन भयंकर मूर्तिधारी भगवान नरसिंह जी ने दैत्यराज को उठाकर अपनी जंघा पर रख तीक्ष्ण नखों से उसका उदर नष्ट कर आंतड़ियों को निकाल अपने गले में विजयमाला के रूप में धारण कर लिया।

दैत्यराज का अंत पलक मारते ही हो गया। साथ ही उसके साथी असुर भी भगवान नरसिंह की कोपज्वाला में भस्म होकर वहीं ढेर हो गये।

## Elon Musk का Future Plan: अब इंसान नहीं, Humanoid Robots करेंगे काम, जानें क्या होगा असर



एलन मस्क के ह्यूमनॉइड रोबोट विजन ने काम और रोजगार के भविष्य पर एक नई बहस शुरू कर दी है, जहां एक ओर इंसानों को मुश्किल कामों से आजादी मिलने की संभावना है, तो वहीं दूसरी ओर पारंपरिक नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। फिर से एक बार दुनिया के अमीरों में शुमार शख्स और टेक उद्यमियों में शामिल एलन मस्क ने भविष्य की ऐसी झलक दिखाई है, जिसने काम और रोजगार को लेकर नई बहस छेड़ दी है। दरअसल, मस्क का कहना है कि आने वाले सालों में इंसानी रोबोट यानी ह्यूमनॉइड मशीनें रोजाना के कई काम संभाल लेंगी। जिससे इंसानों को रेगुलर जॉब से आजादी मिल जाएगी। आपको बता दें कि, मस्क की कंपनी Tesla, Inc इन दिनों ऑप्टिमस नाम के ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार कर रही है। दावा किया जा रहा है कि रोबोट फैक्ट्री से लेकर घर के कई तरह के काम संभाल लेंगे। मस्क का यह भी कहना है कि भविष्य में ऐसे रोबोट भारी संख्या में तैयार किए जाएंगे और ये इंडस्ट्रीज में मजदूरों की कमी को पूरा करेंगे। आइए आपको बताते हैं कि मस्क का विजन क्या है।

**क्या है एलन मस्क का विजन?**

एलन मस्क ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI और रोबोटिक्स मिलकर ऐसी व्यवस्था तैयार कर सकते हैं, जहां इंसानों को मुश्किल, रिपिटेटिव काम या जोखिम भरे काम नहीं करने पड़ेंगे। इसके साथ ही यह भी कहना है कि यदि प्रोडक्शन और सर्विसेज का बड़ा हिस्सा मशीनें संभाल लेंगी तो लोगों के पास क्रिएटिव और पर्सनल लाइफ के लिए ज्यादा टाइम होगा। लेकिन एक्सपर्ट का कहना है कि रोबोटिक्स और एआई इंडस्ट्रीज में बदलाव देखने को मिलेंगे। लेकिन पूरी तरह से काम से मुक्ति भविष्य में संभव नहीं दिखती।

**क्या रोजगार पर पड़ेगा असर?**

तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि ह्यूमनॉइड रोबोट आने वाले समय में फैक्ट्रियों, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक्स और जोखिम भरे वातावरण वाले क्षेत्रों में तेजी से अपनी उपयोगिता साबित कर सकते हैं। इसके चलते कुछ पारंपरिक नौकरियों पर असर पड़ने की आशंका है। हालांकि, दूसरी ओर यह भी संभावना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स से जुड़े नए और उन्नत रोजगार के अवसर भी तेजी से विकसित होंगे।



## Galaxy S26 Series में सैटेलाइट कनेक्टिविटी का स्पेशल फीचर, बिना नेटवर्क के भी कर पाएंगे मैसेज

**सैमसंग ने हाल ही में लॉन्च हुई Galaxy S26 Series के तीनों मॉडल को लेकर बताया कि, ये सीरीज सैटेलाइट कनेक्टिविटी को सपोर्ट करेगा। इससे फायदा ये होगा कि अब बिना नेटवर्क के भी इस स्मार्टफोन से मैसेज भेजे जा सकेंगे।**

साउथ कोरिया की टेक कंपनी सैमसंग ने हाल ही में लॉन्च हुई Galaxy S26 Series के तीनों मॉडल को लेकर बताया कि, ये सीरीज सैटेलाइट कनेक्टिविटी को सपोर्ट करेगा। इससे फायदा ये होगा कि अब बिना नेटवर्क के भी इस स्मार्टफोन से मैसेज भेजे जा सकेंगे। सैमसंगने पिछले हफ्ते Galaxy S26 Series को लॉन्च किया था। वहीं अब कंपनी ने कहा कि ये सीरीज के तीनों स्मार्टफोन सैटेलाइट कनेक्टिविटी को सपोर्ट करेंगे। इसका मतलब है कि, अब आपको मैसेज भेजने के लिए ना तो नेटवर्क की जरूरत नहीं होगी। यूजर्स Galaxy S26, Galaxy S26 Plus और Galaxy S26 Ultra मोबाइल या वाईफाई नेटवर्क न होने पर सैटेलाइट की मदद से मैसेज और डेटा सर्विसेस के साथ-साथ इमरजेंसी असिस्टेंस को इस्तेमाल कर सकेंगे।

बता दें कि, सैटेलाइट कनेक्टिविटी फीचर के कारण स्मार्टफोन बिना सेलुलर नेटवर्क वाले इलाकों में सैटेलाइट से कनेक्ट हो सकता है। ऐपल ने सबसे पहले आईफोन 14 सीरीज के साथ मोबाइल में इसकी शुरुआत की थी। ये फीचर आईफोन में लगे स्पेशल एंटीना की मददसे आईफोन को सैटेलाइट से कनेक्ट कर देता है। वहीं गूगल ने भी पिक्सल 9 सीरीज से इसकी शुरुआत की थी। इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि इससे रिमोट एरिया से भी लोग कनेक्टेड रह सकते हैं। बाढ़ और भूकम्प जैसी प्राकृतिक त्रासदी के समय भी ये फीचर बड़े काम आ सकता है।

**Galaxy S26 Series की खास बात**

सैमसंग ने इस सीरीज को कई बड़ी अपग्रेड्स के साथ लॉन्च किया है। सीरीज के तीनों ही मॉडल में क्लासिक गैलेक्सी फील मिलती है।

इस सीरीज के फ्लैगशिप डिवाइस Galaxy S26 Ultra की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। इसमें 6.9 इंच का QHD+ Dynamic AMOLED 2X डिस्प्ले दिया गया है। ये फोन Snapdragon 8 Elite Gen 5 चिपसेट के साथ लॉन्च हुआ है। इसके रियर में 200MP+50MP+50MP+10MP सेंसर वाला कैमरा सेटअप और फ्रंट में 12 श्ड का फ्रंट कैमरा मिलता है। इसमें प्राइवेसी डिस्प्ले फीचर दिया गया है।

## मोबाइल से ऐसे पहचानें नकली दवा, जान बचाने वाला है ये आसान तरीका



क्यूआर कोड वेरिफिकेशन एक डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था है, जिसमें दवा की पैकेजिंग पर एक खास क्यूआर कोड दिया जाता है। इस कोड में दवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी स्टोर रहती है, जैसे बैच नंबर, निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट और निर्माता का लाइसेंस नंबर। जब कोई व्यक्ति इस कोड को स्कैन करता है।

भारतीय बाजार में नकली और मिलावटी दवाओं के मामले समय-समय पर सामने आते रहे हैं। आम लोगों के मन में अक्सर यह सवाल रहता है कि वे जो दवा ले रहे हैं, वह असली है या नहीं। देखने में असली और नकली दवा में अंतर समझना लगभग नामुमकिन होता है, लेकिन इसका असर बहुत गंभीर हो सकता है। नकली दवाएं बीमारी को ठीक करने की बजाय मरीज की हालत और खराब कर सकती हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवाओं और दवा कंपनियों पर लोगों का भरोसा भी कम होता जा रहा है। इसी समस्या से निपटने के लिए सरकार और दवा नियामक संस्थाओं ने क्यूआर कोड वेरिफिकेशन सिस्टम शुरू किया है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपने स्मार्टफोन से दवा की असलियत तुरंत जांच सकता है।

**क्यूआर कोड वेरिफिकेशन सिस्टम क्या है?**

क्यूआर कोड वेरिफिकेशन एक डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था है, जिसमें दवा की पैकेजिंग पर एक खास क्यूआर कोड दिया जाता है। इस कोड में दवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी स्टोर रहती है, जैसे बैच नंबर, निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट और निर्माता का लाइसेंस नंबर। जब कोई व्यक्ति इस कोड को स्कैन करता है, तो उसे दवा की पूरी जानकारी तुरंत अपने फोन की स्क्रीन पर दिखाई देती है। इससे यह पता लगाना आसान हो जाता है कि दवा असली है या नकली।

**स्मार्टफोन से कैसे करें दवा की जांच**

आज के समय में लगभग हर स्मार्टफोन में क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा मौजूद होती है। अगर आपके फोन में यह फीचर नहीं है, तो आप प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से कोई भी क्यूआर स्कैनर ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

दवा की पैकिंग पर दिए गए क्यूआर कोड को अपने फोन के कैमरे से स्कैन करें। जैसे ही स्कैन पूरा होगा, दवा से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी आपके मोबाइल स्क्रीन पर दिखने लगेगी। इसमें बैच नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट और कंपनी का लाइसेंस नंबर शामिल होता है। यह प्रक्रिया केवल कुछ सेकंड में पूरी हो जाती है और आपको दवा की सच्चाई का पता चल जाता है।

**कैसे पहचानें दवा असली है या नकली**

स्कैन करने के बाद जो जानकारी आपके फोन पर दिखाई देती है, उसे दवा की पैकिंग पर छपी जानकारी से मिलाना जरूरी है। अगर दोनों जानकारियां बिल्कुल एक जैसी हैं, तो समझिए कि दवा असली है और इसे इस्तेमाल करना सुरक्षित है। लेकिन अगर स्क्रीन पर 'No Record Found' दिखे या जानकारी मेल नहीं खाती है, तो सावधान हो जाएं। ऐसी स्थिति में उस दवा का उपयोग तुरंत बंद कर दें और इसकी जानकारी सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (CDSCO) को दें। यह कदम आपके और दूसरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

**क्यूआर कोड से दवा जांचने के आसान स्टेप्स**

1. सबसे पहले दवा की पैकेजिंग पर क्यूआर कोड खोजें।
2. ध्यान रखें कि फिलहाल यह नियम भारत की टॉप 300 दवा ब्रांडों पर लागू है।
3. अब अपने स्मार्टफोन के कैमरे या क्यूआर स्कैनर ऐप से कोड स्कैन करें।
4. स्क्रीन पर दिख रही जानकारी को पैकेट पर छपी जानकारी से मिलाएं।
5. अगर जानकारी मेल नहीं खाती या कोई रिकॉर्ड नहीं मिलता है, तो तुरंत CDSCO को शिकायत दर्ज करें।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170